आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण
DEENDAYAL PORT AUTHORITY

SAGARMALA
PORT-LED PROSPERITY

G20
भारत 2023 INDIA



अक्टूबर - दिसंबर, 2022

अंक - 15

# तरंग

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण **16** वर्षो से भारत का नंबर 1 मेजर पोर्ट।

# विषयवस्तु


| | |
|---|---|
| मुख्य अंश | 3-6 |
| गतिविधियाँ | 7-11 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 12 |
| पुरस्कार एवं सम्मान | 13 |
| दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण खबरों में | 14 |

# मुख्य अंश

**भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा दीनदयाल पोर्ट पर कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई; ये विकास के एक नए युग की शुरुआत करता है।**

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात के दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण (डीपीए), कंडला में सोमवार को आभासी माध्यम द्वारा (गांधीनगर से) **280** करोड़ रुपये से अधिक की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं से पोर्ट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और इसके संभार तंत्र को बढ़ावा देने के साथ-साथ इसके अंत: प्रदेश में सकल आर्थिक वृद्धि होने की आशा है। इससे पोर्ट की नौभार प्रहस्तन क्षमता में भी सुधार होगा, जहाजों के आवागमन समय में सुधार होगा तथा नौभार की निकासी की प्रक्रिया को गति मिलेगी।

इन परियोजनाओं में 69.51 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर कार्गो जेट्टी क्षेत्र में नए गुबंद आकार के गोदामों का निर्माण करना है। इसके फलस्वरूप नौभार प्रहस्तन में वृद्धि होगी और पांचवीं पीढ़ी के ट्रकों/ परिवहन वाहनों द्वारा हाइड्रोलिक सिस्टम के माध्यम से थोक नौभार को उतारने में सुगमता होने से कार्य करने की नई ऊंचाईयाँ प्राप्त होंगी।

कार्गो जेट्टी क्षेत्र के अंदर 66 हेक्टेयर में भूखंडों और बरसाती जल निकास नालियों का उन्नयन 80 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर किया जाएगा। कंक्रीट की पक्की सड़के, बरसाती जल निकास की व्यवस्था, विद्युत केबलों के लिए वाहक नली और श्रमिकों के लिए पेयजल, शौचालय और विश्रामगृह जैसी सुविधाओं सहित भूखंडों / भंडारण क्षेत्र का उन्नयन किया जाएगा।

कार्गो जेट्टी क्षेत्र के अंदर अन्य 40 हेक्टेयर में भूखंडों और बरसाती जल नालियों का उन्नयन 47 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर किया जाएगा। जिसके परिणामस्वरूप सीमाशुल्क के आबध्द क्षेत्र में नौभार प्रहस्तन और भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी तथा 8.8 लाख मीट्रिक टन की क्षमता तक नौभार के आयात/निर्यात को बढ़ाने में सहायक होगा।

तूणा मार्ग का दो लेन से चार लेन में 87.32 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर उन्नयन करने की परियोजना से नौभार के निकास में तेजी आएगी, इसका उद्देश्य पोर्ट पर नौभार प्रहस्तन को बढ़ाना और भविष्य में होने वाले पोर्ट यातायात को निर्बाध रूप से समायोजित करना है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग से पोर्ट तक वांछित कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना के तहत् पोर्ट के संपर्क मार्गों को नया रूप देगा। यह परियोजना डीपीए द्वारा पीपीपी पर विकसित किए जाने वाली प्रस्तावित जेट्टियों के लिए भी लाभाप्रद होगी।

राष्ट्रपति ने नौभार प्रहस्तन के क्षेत्र में देश के नंबर एक पोर्ट के रूप में दीनदयाल पोर्ट की उपलब्धियों और पूरे देश का लगभग 40% नौभार गुजरात के पोर्टों द्वारा संभाले जाने पर, बहुत प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पत्तन, पोत-परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय की उपलब्धियों और इन परियोजनाओं के माध्यम से दीनदयाल पोर्ट की नौभार प्रहस्तन क्षमता बढ़ाने के प्रयासों की भी प्रशंसा की, जिसका लाभ पूरे प्रदेश को होगा।






# मुख्य अंश

## भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा दीनदयाल पोर्ट पर कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई; ये विकास के एक नए युग की शुरुआत करता है।



दीनदयाल पोर्ट ने पिछले वित्त वर्ष की संगत अवधि की तुलना में, जुलाई 2022 में 70.14 एमएमटी प्रहस्तन कर 17.22% की वृद्धि दर्ज की, जो एक माह में संभाला गया अब तक का शीर्षतम बिन्दु है। पोर्ट ने 2021-22 में अपना सर्वाधिक 127.1 एमएमटी नौभार का प्रहस्तन किया।

दीनदयाल पोर्ट ने सीईएल के साथ साझेदारी में पोर्ट पर पूर्णतः स्वचालित द्वार को कार्यान्वित करने के अलावा, बंदर बेसिन जेट्टी क्षेत्र, कंडला में 4 सुपर ओवर-डाइमेंशन पैकेज के रोल-ऑफ को भी संभाला। इसके अतिरिक्त, एनआईएसजी के मार्गदर्शन में पोर्ट पर आरएफआईडी-आधारित एक्सेस कंट्रोल सिस्टम "ई-दृष्टि" की शुरुआत की।



भारत में पोर्ट क्षेत्र के विकास के लिए पत्तन, पोत-परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए सागरमाला कार्यक्रम के तहत गुजरात में 57,000 करोड़ रुपये की 74 परियोजनाएं चिन्हित की है। इनमें से 9,000 करोड़ रुपये की 15 परियोजनाओं को पूरा किया जा चुका है। 25,000 करोड़ रुपये से अधिक की 33 परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं और 22,700 करोड़ रुपये की 26 परियोजनाएं प्रगतिशील हैं। इन्हें केंद्रीय संबध्द मंत्रालयों, महापत्तनों, राज्य मेरीटाइम बोर्ड और अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।



गुजरात के राज्यपाल, श्री आचार्य देवव्रत; श्री भूपेंद्रभाई पटेल मुख्यमंत्री, गुजरात के; श्री श्रीपद येसो नाइक, पत्तन, पोत-परिवहन एवं जलमार्ग और पर्यटन राज्य मंत्री; श्री ऋषिकेश पटेल, स्वास्थ्य मंत्री, गुजरात सरकार; श्री नरेश पटेल, जनजातीय विकास मंत्री, गुजरात सरकार; श्रीमती निमिशाबेन सुथार, जनजातीय विकास और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री, गुजरात सरकार; श्री भूषण कुमार, संयुक्त सचिव, पत्तन, पोतपरिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार; और श्री एस. के. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।
श्री एस के मेहता ने शिलान्यास समारोह में श्री श्रीपद नाइक का स्वागत किया। गांधीधाम में पोर्ट पण्यधारक, ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि और डीपीए के अधिकारी इस समारोह में शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम का संचालन श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष और श्री रवींद्र रेड्डी, मुख्य अभियंता, डीपीए द्वारा किया गया।

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने अपने पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए अब तक के अधिकतम ड्राफ्ट वाले जलयान एम.वी बेलेमार का नौभार जेट्टी -16 पर प्रहस्तन किया।

डीपीए कंडला ने अब तक के अधिकतम ड्राफ्ट वाले जलयान एम.वी बेलेमार को कंडला पोर्ट में **14.2** मीटर ड्राफ्ट में ब्राजील से **76610** मीट्रिक टन कच्ची चीनी लेकर आया, का प्रहस्तन करके अपने ही पिछले रिकॉर्ड को पार कर लिया। अध्यक्ष ने इतने अधिक अचल भार वाले जलयान की सफल बर्थिंग के लिए समुद्री विभाग टीम की सराहना की।



# मुख्य अंश

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने 3 तिमाही अवधि के भीतर ही 100 एमएमटी नौभार प्रहस्तन करने का नया कीर्तिमान हासिल किया।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण कंडला ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान तीन तिमाही अवधि के भीतर ही 28 दिसंबर 2022 को गत वर्ष की तुलना में 6.96% की वृद्धि दर्ज करते हुए 100 एमएमटी कार्गो को संभालने का लैंडमार्क पार कर लिया है। इस सुअवसर पर श्री एस.के. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष और श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष ने कर्मचारियों, श्रमिकों, ट्रेड यूनियनों, पोर्ट उपयोगकर्ताओं और हितधारकों के साथ-साथ टीम डीपीए को अत्याधुनिक हैंडलिंग सुविधाओं के साथ एक मेगा पोर्ट बनाने की दिशा में उनके निरंतर समर्थन के लिए बधाई दी।

## अध्यक्ष, डीपीए ने खेल परिसर क्रिकेट ग्राउंड में एलईडी फ्लड लाइट के साथ स्टेडियम में हाई मास्ट के संस्थापन की आधारशिला रखी।


दिनांक 21 दिसंबर, 2022 को, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष, श्री एस. के. मेहता, आई.एफ.एस, ने खेल परिसर, गोपालपुरी, में क्रिकेट ग्राउंड के लिए श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष, विभाग-प्रमुख, उपविभाग प्रमुख और पोर्ट के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एलईडी फ्लड लाइट के साथ स्टेडियम में हाई मास्ट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ के काम की आधारशिला रखी। इस परियोजना की अनुमानित लागत रुपये 86.93 लाख है, जो 1 अप्रैल, 2023 को या उससे पहले चालू होने की संभावना है। दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के क्रिकेट ग्राउंड, गोपालपुरी कॉलोनी में 500 लक्स के औसत रोशनी स्तर को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक टॉवर पर 30 मीटर की ऊंचाई वाले कुल चार स्टेडियम हाई मास्ट होंगे, जिनमें 35 500 वाट एलईडी फ्लड लाइट होंगी।





## अपतटीय तेल टर्मिनल वाडीनार, में एसपीएम नंबर 1 पर आईओसीएल के 6000वें टैंकर एम.टी वाईआईओ (वीएलसीसी), डीडब्ल्युटी 302481, जिसमें 284831 मीट्रिक टन कच्चा तेल था, घाट पर लगाया गया।

डीपीए के इतिहास में एक और अध्याय जोड़ते हुए अपतट तेल टर्मिनल वाडीनार, में एसपीएम नंबर 1 पर आईओसीएल के 6000वें टैंकर एम.टी वाईआईओ (वीएलसीसी), डीडब्ल्युटी 302481, जिसमें 284831 मीट्रिक टन कच्चा तेल था , घाट पर लगाया गया। अगस्त 1978 में पहले टैंकर को घाट पर लगाने से लेकर 44 गौरवपूर्ण सुरक्षित वर्ष रहे।




# मुख्य अंश

## मंत्रिमंडल ने दीनदयाल पोर्ट तूणा-टेकरा, पर कंटेनर टर्मिनल के विकास को मंजूरी दी।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने दीनदयाल पोर्ट तूणा-टेकरा को सार्वजनिक-निजी-साझेदारी (पीपीपी) मोड के तहत निर्माण, संचालन एवं हस्तांतरण (बीओटी) आधार पर कंटेनर टर्मिनल के विकास को मंजूरी प्रदान की है।रियायतग्राही की ओर से रुपये 4,243.64 करोड़ की अनुमानित लागत और रियायत प्राधिकरण की ओर से रु. 296.20 करोड़ अनुमानित लागत पर सामान्य प्रयोक्ताओं की सुविधाओं के लिए विकास होगा।परियोजना के चालू होने पर, यह भविष्य में कंटेनर नौभार यातायात में होने वाली वृद्धि की आवश्यकताओं के अनुरूप होगा। वर्ष 2025 से, रुपये 1.88 मिलियन टीईयू का शुद्ध अंतर प्राप्त होंगा, जिन्हें तूणा-टेकरा में अत्याधुनिक कंटेनर टर्मिनल का विकास जो इसे सामरिक लाभ देगा क्योंकि यह देश के उत्तरी भाग (जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान) के विशाल अन्तः प्रदेश को सेवा प्रदान करने वाला सबसे निकटतम कंटेनर टर्मिनल होगा। ये परियोजना कंडला की व्यावसायिक क्षमता बढ़ाने के अलावा, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी और रोजगार उत्पन्न करेगी।

- प्रस्तावित परियोजना को निजी विकासक/निर्माण प्रचालन एवं हस्तांतरण (बीओटी) के आधार पर विकसित करने का प्रस्ताव है, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया जाएगा। रियायत करार के अधीन परियोजना जो कि रियायतग्राही (बीओटी) प्रचालक और रियायत प्रधिकरण (दीनदयाल पोर्ट प्राधिकरण) के बीच निर्दिष्ट नौभार के प्रहस्तन के लिए 30 वर्षो की अवधि के लिए किया गया है। रियायतग्राही (बीओटी प्रचालक) परियोजना के डिजाइन, इंजीनियरिंग, वित्त, खरीद, कार्यान्वयन, प्रचालन, प्रबंधन और अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी होगा। रियायत प्राधिकरण सामान्य प्रवेश सरणी और संपर्क मार्ग के लिए उत्तरदायी होगा।
- इस परियोजना में रुपये 4,243.64 करोड़ की लागत पर संबद्ध सुविधाओं के साथ एक समय पर तीन जलयानों को संभाले जाने के लिए एक अपतट बर्थिंग संरचना का निर्माण शामिल है, जिससे प्रति वर्ष 2.19 मिलियन टीईयूज् की प्रहस्तन क्षमता बढ़ेगी।
- आरंभ में, इस परियोजना के तहत 6000 टीईयूज् के 14 मीटर ड्राफ्ट वाले जलयानों को संभाला जाएगा और तदनुसार, रियायत प्राधिकरण द्वारा 14 मीटर ड्राफ्ट के कंटेनर जलयानों का चौबीसों घंटे नौसंचालन करने के लिए सामान्य प्रवेश सरणी का 15.50 मीटर तक निकर्षण तथा अनुरक्षण किया जाएगा। रियायत अवधि के दौरान, रियायतग्राही को अप्रोच चैनल, बर्थ पॉकेट और टर्निंग सर्कल को गहरा/चौड़ा करके 18 मीटर ड्राफ्ट तक के जलयानों को संभाले जाने की स्वतंत्रता होगी। प्रवेश सरणी के ड्राफ्ट में वृद्धि के प्रस्ताव के समय रियायतग्राही और रियायत प्राधिकरण के बीच आपसी करार के आधार पर रियायतग्राही द्वारा लागत विभाजन किया जा सकता है।



# गतिविधियाँ

## गांधीधाम में लॉजिस्टिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आदिपुर को कासेज़ से जोड़ने वाली डीपीए की नई रिंग रोड।





श्री एस.के. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष-डीपीए; श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष-डीपीए; श्रीमती इशिता तिलवानी, अध्यक्ष-गांधीधाम नगरपालिका; श्री तेजा कांगड़, अध्यक्ष-गांधीधाम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में श्रीमती मालतीबेन महेश्वरी, माननीय विधायिका, गांधीधाम द्वारा मुंद्रा सर्कल, आदिपुर के पास "आदिपुर से कासेज़ तक रिंग रोड (परिधीय सड़क)" शुभारंभ कार्य के सुअवसर पर पूजा-विधि की। 6.25 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ आदिपुर से कासेज़ तक रिंग रोड (परिधीय सड़क) का निर्माण, 7.5 किलोमीटर लंबी दो लेन की सड़क भुज, अंजार और आदिपुर को सीधे कंडला कासेज़ से जोड़ने के उद्देश्य को पूरा करेगी, जिससे गांधीधाम के टैगोर रोड पर ट्राफिक काफीहद तक कम हो जाएगी तथा दूरी भी 4.5 किमी कम हो जाएगी। इस परियोजना के पूरे होने में लगभग 9 महीने लगेंगे।

यह दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला द्वारा की जा रही कई विकासात्मक परियोजनाओं में से एक है, जो शहर में लॉजिस्टिक के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा कंडला/गांधीधाम परिसर की आम जनता के लिए सुविधाजनक होगी।

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और इस अवसर पर एक निःशुल्क नैदानिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

बापू की शिक्षाएं दुनिया को मानवता का संदेश देती हैं तथा भारत के विश्वगुरु बनने की यात्रा का नेतृत्व करती हैं। दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी जयंती 2022 के अवसर पर, डीपीए कंडला ने आम जनता के लाभार्थ डीपीए अस्पताल, नया कंडला में एक मुफ़्त नैदानिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। श्री एस. के मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष ने श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने डीपीए अस्पताल, नया कंडला में निःशुल्क निदान चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया, साथ ही पैथोलॉजिकल जांच और दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गई।






# गतिविधियाँ

**डीपीए, कंडला ने 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक विशेष अभियान 2.0 का आयोजन किया।**

विशेष अभियान 2.0 के तहत डीपीए कंडला ने डेंगू को खत्म के लिए उपायों के बारे में आम जनता को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैनर लगाए।








विशेष अभियान 2.0 के तहत, डीपीए कंडला ने 28 अक्टूबर, 2022 को इफको, केआईसीटीएल और एपीएसईजेडएल जैसे विभिन्न पण्यधारकों के साथ पीपीपी शिकायत निवारण फोरम पर बोर्ड कक्ष,प्रशासनिक कार्यालय भवन, गांधीधाम में कार्यशाला का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता श्री एस.के. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष-डीपीए द्वारा की गई जिसमें श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष और पोर्ट के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

विशेष अभियान 2.0 के दौरान, अभिलेखों का सूचीकरण किया गया और रिकॉर्ड रूम में ठीक से रखा गया है। जिन अभिलेखों की छंटाई की जानी थी, उन्हें भी डीपीए, कंडला में छँटाई करते हुए नष्ट किया गया।





विशेष अभियान 2.0 के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाया गया। डीपीए गोपालपुरी आवासीय परिसर को सुवासित भी किया गया।

# गतिविधियाँ

## डीपीए-कंडला ने अंडर-16 सीज़न बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत् डीपीए-कंडला ने कच्छ जिले के सभी क्लबों के लिए अंडर-**16** सीजन बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष की उपस्थिति में उद्घाटन और समापन समारोह आयोजित किया गया।





## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण, कंडला में 21 नवंबर 2022 को उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल, आई.आर.टी.एस. की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभाग प्रमुखगण, नोडल अधिकारी शामिल हुए। बैठक में राजभाषा हिंदी के कामकाज की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया





दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में 26 नवंबर' 2022 को आयोजित संविधान दिवस समारोह में अध्यक्ष श्री एस. के. मेहता द्वारा उपस्थित विभाग प्रमुखों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना हिंदी में तथा उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल द्वारा अंग्रेजी में पढ़कर शपथ दिलाई गई। संविधान दिवस के अवसर पर पत्तन के विभिन्न विभागों और सीआईएसएफ यूनिट में क्रमशः विभाग प्रमुखों और कमांडेंट द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और जवानों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष, दीनदयाल पत्तन ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित 'संविधान पर चर्चा' कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल, आई.आर.टी.एस. ने अपने वक्तव्य में भारतीय संविधान की गूढ़ विशिष्टताओं पर प्रकाश डालते हुए अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से भी अवगत कराया जिससे सभी अधिकारी और कर्मचारी लाभान्वित हुए।

# गतिविधियाँ

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में करियर मार्गदर्शन पर एक चर्चा का आयोजन किया।

आजादी का अमृत महोत्सव के क्रम में, डीपीए कंडला ने श्री विशाल जे. भट्ट (एम. कॉम, एम.फील., एनईटी, जीएसईटी), प्रभारी, आरए सिंघवी पीजी स्टडीज एंड रिसर्च सेंटर, तोलानी कॉमर्स कॉलेज, आदिपुर, को आमंत्रित किया। जिन्होंने दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को करियर मार्गदर्शन के बारे में जानकारी दी।



## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में पोषण और व्यायाम पर सत्र आयोजित किया गया।





**दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण**, कंडला ने श्री जाहिद धफरानी, प्रमाणित निजी प्रशिक्षक और प्रमाणित पोषण विशेषज्ञ द्वारा पोषण और व्यायाम पर एक सत्र आयोजित करके आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया, जिसमें पोर्ट अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने अपने परिवार के साथ भाग लिया। प्रशिक्षक ने व्यायाम के लाभों के बारे में बताया और प्रतिभागियों को वजन नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार एवं हृदय रोगों और रक्तचाप, मधुमेह आदि जैसी अन्य बीमारियों के जोखिम को कम करने के उपाय बताए। श्री एस के मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष और श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष ने आयोजन को शानदार ढंग से आयोजित करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया





दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में 26 नवंबर' 2022 को आयोजित संविधान दिवस समारोह में अध्यक्ष श्री एस. के. मेहता द्वारा उपस्थित विभाग प्रमुखों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना हिंदी में तथा उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल द्वारा अंग्रेजी में पढ़कर शपथ दिलाई गई। संविधान दिवस के अवसर पर पत्तन के विभिन्न विभागों और सीआईएसएफ यूनिट में क्रमशः विभाग प्रमुखों और कमांडेंट द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और जवानों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष, दीनदयाल पत्तन ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित 'संविधान पर चर्चा' कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल, आई.आर.टी.एस. ने अपने वक्तव्य में भारतीय संविधान की गूढ़ विशिष्टताओं पर प्रकाश डालते हुए अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से भी अवगत कराया जिससे सभी अधिकारी और कर्मचारी लाभान्वित हुए।

# गतिविधियाँ

## डीपीए में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान निबंध लेखन और वक्तृत्व स्पर्धा पण्यधारकों की गोष्ठी आयोजित की गई।

डीपीए-कंडला में सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) के आयोजन में इस वर्ष वीएडब्ल्यू थीम पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में डीपीए के 47 कार्मिकों ने भाग लिया। साथ ही डीपीए कार्मिकों के लिए भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा, सतर्कता उपायों/निवारण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पण्यधारको की भी एक गोष्ठी आयोजित की गई।





सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजन दिनांक 31-10-22 से 06-11-22 के दौरान, वीएडब्ल्यू-2022 'एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत' के विषय को दर्शाने वाले दो हाइड्रोजन गुब्बारे प्रशासनिक कार्यालय भवन और डॉ. अम्बेडकर कन्वेंशन सेंटर पर फहराए गए तथा आम जनता के बीच जागरूकता पैदा की गई।




## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण द्वारा पोर्ट क्षेत्र में और उसके आसपास काम करने वाले पोर्ट कर्मचारियों एवं मजदूरों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर विश्व एड्स दिवस के अनुपालन में पत्रक एवं पैम्फलेट का वितरण और परामर्श जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।इस प्रयास में गैर सरकारी संगठनों ने भी डीपीए के साथ जुड़े। श्री एस.के. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष और श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष ने प्रशासनिक कार्यालय भवन, गांधीधाम में स्थापित स्टॉल का दौरा किया और जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने वाली टीमों को प्रोत्साहित किया।







# प्रशिक्षण कार्यक्रम

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में आरटीआई अधिनियम पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में **6** दिसंबर**, 2022** से आरटीआई अधिनियम पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आरटीआई अधिनियम पर चेन्नई से, प्रख्यात प्रशिक्षक डॉ. एस.एन. वेंकटेशन को संकाय के रूप में आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल **37** सीपीआईओ**,** पीएस और पीए ने भाग लिया। आरटीआई अधिनियम पर दो दिवसीय प्रशिक्षण**, 7** दिसंबर **2022** को संपन्न हुआ। श्री बी.भाग्यनाथ**,** वि.स. एवं मु.ले.अधिकारी**,** डीपीए**,** की उपस्थिति ने समापन समारोह की शोभा बढ़ाई। सभी प्रतिभागियों को इस विषय पर ज्ञान प्राप्त हुआ और आरटीआई मामलों को हल करना सीखा।







## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में आत्म-रक्षा प्रशिक्षण।

केंद्रीय पत्तन**,** पोत-परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के निर्देश अनुसार डीपीए कंडला 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है। समारोह के दौरान डीपीए कंडला ने श्री पीयूष श्रीवास्तव**,** अध्यक्ष**,** कराटे फेडरेशन (कच्छ) और उनकी टीम को पोर्ट अधिकारियों**,** कर्मचारियों और श्रमिकों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों को आत्मरक्षा तकनीक को जानने एवं सीखने के लिए आमंत्रित किया**,** जिसकी सभी के द्वारा व्यापक रूप से सराहना की गई। इस गतिविधि में मुख्य रूप से बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। श्री सी. हरिचंद्रन**,** सचिव**,** श्री वाई.के.सिंह**,** वरिष्ठ उप सचिव , श्री अरविंद प्रधान**,** उप-कार्मिक अधिकारी और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।







# पुरस्कार एवं सम्मान

## डीपीए-कंडला ने वर्ष का प्रतिष्ठित समुद्र मंथन पुरस्कार 2022 "वर्ष का महा पत्तन (पश्चिमी तट)" श्रेणी में पुरस्कार जीता।

डीपीए-कंडला ने वर्ष का प्रतिष्ठित समुद्र मंथन पुरस्कार **2022** "वर्ष का महा पत्तन (पश्चिमी तट)" श्रेणी में पुरस्कार जीता। उप-संरक्षक कैप्टन प्रदीप मोहंती, द्वारा यह पुरूस्कार ग्रहण किया गया। डीपीए समग्र और व्यावहारिक तरीके से अपनी क्षमताओं को बढ़ाने और उन्नत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है



## डीपीए, कंडला ने 'गुजरात जंक्शन 2022' में "पोर्ट ऑफ द ईयर-नॉन कंटेनराइज्ड कार्गो" पुरस्कार जीता।

डीपीए, कंडला ने एक्जिम इंडिया द्वारा आयोजित 'गुजरात जंक्शन **2022**' में "पोर्ट ऑफ द ईयर-नॉन कंटेनराइज्ड कार्गो" पुरस्कार जीता। श्री एस.के. मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष और पोर्ट के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ट्राफी और प्रमाण पत्र ग्रहण किया गया। इस अवसर पर, सभी डीपीए न्यासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, डीपीए की ट्रेड यूनियनों, पोर्ट उपयोक्ताओं और पण्यधारकों को इस उपलब्धि हेतु उनके पूर्ण समर्थन और सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया।



